तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 12 जून 2024

12 आज भी धमनी में विद्यमान है कभी नहीं सूखने वाला अद्भुत जल स्त्रोत



12 कांग्रेस ने विद्याचरण को पुण्यतिथि पर किया याद





## खबर संक्षेप

### चेम्बर ऑफ कामर्स ने शहर बंद का किया ऐलान

**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय में सोमवार को उपद्रवियों द्वारा शहर के व्यापारियों के वाहनों को पहुंचायी गई क्षति के विरोध में चेम्बर ऑफ कार्मस ने 13 जून को शहर बंद का ऐलान किया है। चेम्बर ने कहा कि आगजनी की इस घटना से शहर के व्यापारियों को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ऐसे लोगों को तत्काल गिरफ्तार की मांग प्रशासन से की है।

### तालाब में डूब रही किशोरी को महादेव ने बचाया





**बंगोली।** ग्राम बंगोली के शितला तालाब में सुबह 11 बजे ग्राम कुर्रा की गायत्री खुटे 14 वर्ष नहाने गई थी। उसी दरम्यान प्लास्टिक का खिलौना बाल पानी में बहते हुए तालाब के बीच में चला गया, जिसे लाने गायत्री तैरते हुए बीच तालाब में पहुंच गई, परंतु सांस फुलने से वह वापस आने में असमर्थ हो गई और डूबने लगी, जहां उसने बचाओ-बचाओ की आवाज लगाई। उसी समय ग्राम बंगोली निवासी महादेव कंडरा 50 वर्ष नहाने के लिये तालाब के पचरी पर बैठा था, जिसने गायत्री की बचाओ-बचाओ की गुहार सुनकर बिना देरी किये तालाब में छलांग लगा दी और पानी में डूबते हुए गायत्री खुटे को अपने पीठ पर लादकर तालाब के बीच से बाहर निकाला। इस वीरता व साहसभरे कार्य के लिये महादेव कंडरा की ग्रामीणों के अलावा आसपास के गांवों में प्रशंसा की जा रही है।

### महिला के गले से चेन लूटने की कोशिश

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक महिला ने सोमवार को अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ चेन लूटने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक 50 वर्ष की करीब उम्र की महिला महादेव घाट रोड पर टहलने के लिए निकली थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और उसके गले से चेन लूटकर भागने की कोशिश करने लगे। बदमाश महिला के गले में झपट्टा मारकर चेन लूटने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान महिला ने चेन को अपने हाथ में पकड़ लिया, इस वजह से बदमाश महिला के गले में पहनी चेन नहीं लूट पाए।

### अहाता में शराब पीने की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** पंडरी थाना में एक युवक ने अज्ञात चार लड़कों के खिलाफ अहाता में शराब पीने घर से पानी ले जाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गजेंद्र कुमार सोनवानी ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। गजेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वह अहाता में शराब पीने के लिए घर से पानी लेकर गया था। इस बात को लेकर अज्ञात लड़कों ने उसे शराब पीने घर से पानी लाने की बात को लेकर मारपीट की।

### नाबालिग से छेड़खानी तीन वर्ष कैद, अर्थदंड भी

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग से छेड़खानी करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की पाक्सो फास्ट ट्रैक कोर्ट ने गोपाल यदु को तीन वर्ष कैद तथा दो हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर कोर्ट ने आरोपी को अतिरिक्त चार माह कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक यास्मीन बेगम के मुताबिक गोपाल ने पांच वर्ष पूर्व 17 नवंबर को किशोरी के साथ उसके घर प्रवेश कर छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया था।



### पहल : 24 घंटे काम जारी रखने अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

# कलेक्टोरेट बिल्डिंग का रेनोवेशन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से होगा

### क्षतिग्रस्त वाहनों का इंश्योरेंस राशि के लिए आंकलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट बिल्डिंग में सोमवार को उपद्रवी तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना के बाद मंगलवार को निरीक्षण करने संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग एवं रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य का सुचारू रूप से संचालन करने कलेक्टोरेट बिल्डिंग की पुनः साज–सज्जा, साफ-सफाई शीघ्र शुरू किया जाए। इसके पश्चात सभाकक्ष में लोक निर्माण, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं नगरीय निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कलेक्टोरेट बिल्डिंग में रेनोवेशन के काम में तेजी लाकर सामान्य स्थिति बहाल करने पर जोर देते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डॉ. अलंग ने कहा कि कलेक्टोरेट बिल्डिंग की पुनः साज–सज्जा के कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए लोक निर्माण विभाग अधिकारी –कर्मचारियों तथा मजदूरों की शिफ्ट में ड्यूटी लगाएं, यहां 24 घंटा काम जारी रहना चाहिए। हर हाल में लोगों के रुटीन कार्य शीघ्र पूर्व स्थिति में लाना है। उन्होंने कहा कि जिन दफ्तरों में दस्तावेज नष्ट हुए है तथा जो शेष बचे हैं उनकी लिस्टिंग कराएं। वाहनों की क्षति की भी लिस्टिंग कराएं।



#### कलेक्टोरेट में बहाल होगी बिजली

विद्युत विभाग के अधिकारियों को शीघ्र पूरे बिल्डिंग में विद्युत बहाल करने के निर्देश दिए। इसी तरह शहर के अंदर सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने तथा साफ–सफाई व क्रेन की व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने कहा कि वाहन क्षति का आंकलन के लिए विभागीय अधिकारी व वाहन स्वामी पुलिस थाना में एफआईआर कराने के साथ उसकी प्रति, आरसी बुक की प्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत करेंगे। वाहन में टैग भी लगाएंगे, ताकि पहचानने में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि जले हुए वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई करते हुए उचित स्थान पर रखने की भी व्यवस्था करें।

#### आरोपियों की गिरफ्तारी जारी

सोमवार को उपद्रवियों द्वारा किये गये तांडव के बाद अब भले नगर में शांति दिखाई पड़ रही है। पुलिस ने ऐतियहात बरतते हुए इस वक्त धारा 144 लागू की है। वहीं दंगे की जांच के लिए विशेष टीम बनाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु करते हुए नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की कवायत प्रारंभ है। इस मामले में प्रशासन की कमजोरी को लेकर नगर में चर्चा व्यप्त है। इस घटना में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद दिखे की वे पुलिस पर हमला करने से भी नहीं डरे। उनके हमले से पुलिस को भी मैदान छोड़कर भागना पड़ा। आखिर उपद्रवियों द्वारा इतनी बड़ी घटना को अंजाम देते वक्त उपस्थित प्रशासन के आला अधिकारी लाचार क्यों थे। आगजनी तथा तोड़फोड़ की इस घटना ने प्रदेश सरकार को हिलाकर रख दिया। प्रदर्शन के दौरान आखिर ऐसा क्या हुआ कि प्रदर्शनकारी उत्तेजित हो गए या फिर इस तरह की घटना को अंजाम देने के लिए पहले से ही प्लान कर हमले का इंतजाम कर लिया था।

## अटल सेवा रत्न से सम्मानित किए गए दुष्यन्त कुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

विश्व भ्रष्टाचार निरोधक जन परिषद डब्लूएसी ग्लोबल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन ने 9 जून को साउथ एवेन्यू इंदौर में देश विदेश के उत्कृष्ट सेवा कार्य जैसे शिक्षा, खेल, समाजसेवा, पत्रकारिता, लेखन कला साहित्य, योग चिकित्सा आदि प्रतिभाओं को चयनित कर सम्मानित किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले वाले शिक्षक दुष्यंतकुमार वर्मा और डॉ. मुन्नालाल देवदास राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक को शिक्षा साहित्य कला संस्कृति क्षेत्र में अद्वितीय काम करने श्री अटल सेवारत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि चेयरमेन डायरेक्टर म.प्र. इलेक्ट्रानिक्स डेव्लपमेंट कार्पोरेशन शैतान सिंह पाल, अध्यक्ष इंटरनेशनल पुलिस फोरम इंटर गर्वमेंटल आर्गेनाइजेशन यूएसए प्रतिनिधि डॉ. जसबीर सिंह, काठमांडू ▸▸ शेष पेज 10 पर

## 1.90 लाख का गांजा जब्त दो आरोपी दबोचे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

- गांजा बेचने के फिराक में थे आरोपी

स्थानीय पुलिस ने गांजा बेचने के फिराक में घूम रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 90 हजार रुपए का 19 किलो गांजा जब्त किया गया। दोनों आरोपियों द्वारा उड़ीसा से गांजा को लाकर बिलाईगढ़ क्षेत्र में बेचने की फिराक में घूम रहे थे। इसी बीच बिलाईगढ़ पुलिस को सूचना मिली की द्वारिका प्रसाद चंद्रा पिता अघोरी चंद्रा 50 वर्ष ग्राम तालगांव थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़, राजेश्वर खुटे पिता सीताराम खुटे 36 साल ग्राम गोरबा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ द्वारा गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इसके बाद दोनों आरोपियों को बिलाईगढ़ पुलिस ने दबोचा। दोनों आरोपियों के खिलाफ 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया की दोनों आरोपी गांजा तस्करी के मामले में लगातार संलिप्त थे। आरोपियों द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर क्षेत्र में खफाया जा रहा है, ▸▸ शेष पेज 10 पर



## चार दिवसीय एफएलएन जोन स्तरीय प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान केन्द्र रायपुर के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के सभी विकासखण्डों को तीन जोन में विभाजित कर प्राथमिक शालाओं में पदस्थ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को 3–4 चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसी तारतम्य में तिल्दा विकासखण्ड को भी तीन जोन में विभाजित किया गया है। जोन क्रमांक-2 मांठ में प्रशिक्षण का शुभारंभ सीमा मेश्राम प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस जोन में शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने 3 प्रशिक्षकों जिन्हें डीआरजी का नाम दिया गया है, जेआर वर्मा सहायक शिक्षक परसदा, लखेश्वर वर्मा संकुल समन्वयक ईल्दा, कैलाश बघेल संकुल समन्वयक घिवरा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उद्घाटन अवसर पर रमेश वर्मा प्रधानपाठक मोतिमपुर कला, रामाधार साहू समन्वयक भडहा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर समन्वयक खरोरा, संजय वर्मा समन्वयक बेलदार सिवनी, बीपी वर्मा समन्वयक कनकी, दुष्यंत बांधे समन्वयक गनियारी, राज कुमार श्रेय समन्वयक मूरा, वीर कुमार वर्मा मेजबान संस्था ▸▸ शेष पेज 10 पर

### सिख व सिंधी समाज के लोगों ने लिया हिस्सा

# सिखों के गुरु अर्जुनदेव के 418वें शहीदी परब पर बांटा गया शरबत व चना प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- 21 दिनों तक गुरुद्वारा नानक दरबार में सुखमनी साहिब का पाठ एवं कीर्तन जारी रहा

नगर स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में शहीदों के सरताज सिखों के पांचवें गुरु साहिब गुरु अर्जुन देवजी महाराज का 418 वां शहीदी गुरु पूरब बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के प्रधान सेवादार अमलंजीत सिंह भाटिया ने बताया कि साहिब अर्जुन देव मानवता की खातिर शहीद हो गए थे। गुरु अर्जुन देव पहले सिख गुरु थे, जिन्होंने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और शहीद हो गए। इस शहीदी को याद करते हुए विगत 21 दिनों से स्त्री सत्संग द्वारा रोज शाम को गुरुद्वारा नानक दरबार में सुखमनी साहिब के पाठ एवं कीर्तन कर मीठे जल का शरबत तथा चने का प्रसाद वितरित किया जा रहा था। सोमवार को सुबह गुरुद्वारा नानक दरबार में विशेष दीवान सजाकर सुखमनी साहिब के पाठ कीर्तन एवं कथा विचार के उपरांत मीठे शरबत का वितरण किया गया। तत्पश्चात गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से इस वर्ष भी सिमगा फव्वारा चौक में मीठे जल की छबील एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया। इसमें सिख एवं सिंधी समाज के लोगों ने इस सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा भाईचारे का संदेश देते हुए राहगीरों को प्रसाद एवं मीठा शरबत वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ▸▸ शेष पेज 10 पर




## डॉ. अजगल्ले बने कसडोल बीएमओ

**कसडोल।** लगातार सुर्खियों में रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल का नये बीएमओ डॉ. रविशंकर अजगल्ले को बनाया गया है। डॉ. अजगल्ले की नियुक्ति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. एमपी महेश्वर ने की है। चर्चा में डॉ. अजगल्ले ने कहा कि 30 बेड के अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। ज्ञात हो कि कसडोल ब्लॉक के अंतर्गत 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 43 उपस्वास्थ्य केंद्र आते हैं। सभी जगह बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी एवं सीएचसी में मरीजों के लिये वार्ड की समुचित ▸▸ शेष पेज 10 पर



हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

